

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–38/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने स्व० जगजीवन राम के जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें नमन किया

**पटना, 05 अप्रैल, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने स्व० जगजीवन राम के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में सर्कुलर रोड, अणे मार्ग एवं कौटिल्य मार्ग, पटना के चौराहे पर अवस्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान सभाध्यक्ष श्री नन्दकिशोर यादव अन्य मंत्रीगण तथा गणमान्य लोगों ने भी स्व० जगजीवन राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा गीत प्रस्तुत किए गए।

..........................................